# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर–दिसम्बर 2022

## परीक्षा का नाम : विशारद पूर्ण (प्रथम प्रश्नपत्र)

## विषय : कथ्थक

दि. 20/11/2022 समय : 3 घंटे (सुबह 9 से 12) कुल अंक : 75

सूचना : 1) प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । 2) बाकी प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न हल करें । 3) कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखे । 4) सभी प्रश्नों के गुण समान है ।

**प्रश्न 1) लिपिबध्द करें। (कोई तीन) (5X3=15)**

1) शिखरताल में आमद।
2) धमार ताल में बेदम तिहाई।
3) तीनताल में कमाली चक्रदार परण।
4) छोटी सवारी में कवित्त।
5) झपताल में नटवरी तोडा।

**प्रश्न 2) रिक्त स्थानों की पुर्ती करें। (15)**

1) संचारी भाव ----------- प्रकार के होते है।
2) रसनिष्पति के बाह्य कारणों को ----------- कहते है।
3) ठुमरी में ----------- रस अधिक पाया जाता है।
4) मोहिनीअट्टम् ----------- राज्य का प्रतिक है।
5) गीतगोविंद के रचैता ----------- है।
6) मुग्धा, मध्या, प्रौढा ----------- नुसार मानी जाती है।
7) आचार्य शार्ङ्गदेव व्दारा ----------- ग्रंथ की रचना की है।
8) लोगों के मूल स्वभाव पर आधारीत अभिनय ----------- है।
9) बिभत्सरस का स्थाई भाव ----------- है।
10) जाति संकल्पना के ----------- भेद है।
11) श्रृंगार रस के ------ और ----- भेद माने जाते है।
12) पाश्चात्य देश में ----------- नृत्य परंपरा है।
13) गायन वादन, नर्तन को ----------- कहते है।

14)  अभिनय–दर्पण के अनुसार संयुक्त हस्तमुद्राएँ ------- हैं।
15)  ------ नृत्य में त्रिभंगी मुद्रा का महत्व है ।

**प्रश्न 3) अ) नायिका भेद क्या है? उनमें से धर्मभेदनुसार और प्रकृतिनुसार भेदों की जानकारी दें। (7)**

**ब) अष्टनायिका क्या हैं? उनमें से कोई दो नायिकाओं की सोदाहरण जानकारी दें। (8)**

**प्रश्न 4) टिप्पणी लिखे। (कोई तीन) (5X3 = 15)**

1) ताल और लय का उद्गम।
2) पंचमवेद का जन्म।
3) ओडिसी नृत्य की जानकारी।
4) महाभारत की जानकारी।
5) अभिनय दर्पण के अनुसार असंयुक्त हस्तमुद्रा।

**प्रश्न 5) ताल रुपक की संपूर्ण जानकारी देते हुए ताल के ठेके की आधी एकंगून, दुगून, तिगून, चौगून, ठेके की तिहाई सहित लिपिबद्ध करें। (15)**

**प्रश्न 6) नवरस संकल्पना विस्तार में लिखिए तथा कोई तीन रस की पूर्ण जानकारी दे। (15)**

**प्रश्न 7) नाट्यशास्त्र तथा अभिनयदर्पण में वर्णित हस्तमुद्राओं की तुलना लिखिए। (विस्तृत में जानकारी आवश्यक) (15)**